।। इटावा पुलिस ।।

प्रेस नोट- दिनांक 10.04.2026

- **यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही : सघन चेकिंग अभियान में 50 दोपहिया वाहनों का चालान, 20 वाहन सीज**
- **एसएसपी इटावा के निर्देशन मे थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत की गयी प्रभावी कार्यवाही ।**

संक्षिप्त विवरण:-

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में कानून-व्यवस्था एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 10.04.2026 को **अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री श्रीश चन्द्र** के नेतृत्व मे **थाना बकेवर** क्षेत्रान्तर्गत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

अभियान के दौरान बिना हेल्मेट चल रहे **कुल 50 दोपहिया वाहन चालकों का चालान** किया गया, वहीं आवश्यक वैध कागजात प्रस्तुत न करने वाले **20 वाहनों को सीज** किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भरथना श्री रामदवन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें ।

अपील:- ***इटावा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि सभी यातायात नियमों का पालन करें, हेल्मेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।***